श्रम उपमंत्री (श्री आबिद अली) : हिन्दी में प्राप्त पत्रों का उत्तर हिन्दी में भेजने की व्यवस्था की जा चुकी है। विभिन्न सरकारी कामों में हिन्दी का प्रयोग अब गृह मंत्रालय के २७ मार्च, १९६१ को जारी किये गये निर्देशों के अनुसार किया जाता है।

क्वार्टर मिलने की सूचना हिन्दी में भेजना

४३०८. **श्री प्रकाश वीर शास्त्री :** क्या **निर्माण, आवास और संभरण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत सरकार ने ऐसा निश्चय किया है कि चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को दिये जाने वाले क्वार्टरों के विषय में सूचना हिन्दी में दी जाया करे ; और

(ख) गत तीन मास में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को कितने आवंटन-पत्र जारी हुए और उनमें से कितने हिन्दी में भेजे गये ?

निर्माण, आवास और संभरण उपमंत्री (श्री अनिल के० चन्दा) : (क) यह निश्चय किया गया है कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से संबंध रखने वाले नियतन (एलोटमेंट) आदेश हिन्दी में जारी किये जा सकते हैं या विकल्प के तौर पर मूल अंग्रेज़ी नियतन आदेशों के साथ उनका हिन्दी अनुवाद भेजा जा सकता है।

(ख) पिछले ३ महीनों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के नाम ४६२ नियतन-पत्र भेजे गये और उनमें से हिन्दी में कोई भी नहीं था। सम्बन्धित फार्मों का हिन्दी में अनुवाद कराने और छपवाने के लिए आवश्यक प्रबन्ध किया जा रहा है।

मुख्य श्रम आयुक्त के कार्यालय में हिन्दी टाइपिस्ट

४३०९. **श्री प्रकाश वीर शास्त्री :** क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मुख्य श्रम आयुक्त के कार्यालय में कितने कर्मचारी हिन्दी टाइप का काम करते हैं ;

(ख) कितने कर्मचारी हिन्दी टाईपिंग का प्रशिक्षण अब तक ले चुके हैं और कितने कर्मचारी इस समय ऐसा प्रशिक्षण ले रहे हैं ; और

(ग) भविष्य में क्या और भी कुछ इस तरह के कर्मचारियों को बढ़ाने का विचार है ?

श्रम उपमंत्री (श्री आबिद अली) : (क) तीन।

(ख) तीन प्रशिक्षण ले चुके हैं और एक प्रशिक्षण ले रहा है।

(ग) जी हां।

मुख्य श्रम आयुक्त के कार्यालय में हिन्दी जानने वाले कर्मचारी

४३१०. **श्री प्रकाशवीर शास्त्री :** क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मुख्य श्रम आयुक्त के कार्यालय में इस समय कितने कर्मचारियों ने "हिन्दी सिखाओ योजना" के अन्तर्गत "प्रवीण" और "प्राज्ञ" परीक्षायें अलग-अलग पास की है ;

(ख) क्या उनसे हिन्दी का काम लिया जाता है ; और

(ग) यदि हां, तो कौन-कौन सा कार्य लिया जा रहा है।

श्रम उपमंत्री (श्री आबिद अली) : (क) केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के लिये शुरू की गई हिन्दी शिक्षा योजना के अन्तर्गत दो कर्मचारियों ने प्राज्ञ परीक्षा पास की है। इनमें एक कर्मचारी ने प्रवीण परीक्षा भी पास की है।

(ख) और (ग) मुख्य श्रम कमिश्नर के दफ्तर का हिन्दी का काम इस समय वहां के एक हिन्दी सहायक करते हैं। यह निर्देश दिया गया है कि जब जरूरत हो, उपरोक्त दो व्यक्तियों से भी हिन्दी के काम में मदद ली जाय।